प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 03.06.2024**

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा गैलेक्सी गेस्ट हाऊस में अधिकारी/ कर्मचारीगण की गई ब्रीफिंग

प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मतगणना में लगे पुलिस बल व केन्द्रीय बल की गैलेक्सी गेस्ट हाऊस सुमेरपुर हमीरपुर में ब्रीफिंग की गई तथा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा बताया गया कि अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहने, समय से ड्यूटी पर पहुंचे, पहचान पत्र साथ रखें एवं निष्पक्ष रहे निष्ठा एवं कुशलता से कार्य करें, ड्यूटी कार्ड सुरक्षित रखें। मतनणना स्थल आने वाले जनप्रतिनिधियों से कुशल व्यौहार रखें। मतगणना स्थल पर यदी कोई अराजकत्तव या व्यक्ति दुष्प्रचार या शांन्तिपूर्ण मतगणना को प्रभावित करता है, तो इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दे ताकि उस अराजकत्तव या व्यक्ति के विरुध्द कठोर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मतगणना को निष्पक्ष, शांन्तिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराया जा सके। हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शांतिपूर्ण, सकुशल व निष्पक्ष चुनाव कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देश दिया गया कि मतगणना हेतु आने वाले व्यक्तियों या जनप्रतिनिधियों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ी करवाएं साथ ही प्रभारी निरीक्षक थाना सुमेरपुर को निर्देश दिए गए की मतगणना स्थल पर शुद्ध पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाएं हो जिससे किसी भी पुलिसकर्मी या व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।